बी०एड०(ODL) सत्र 2026-2028 प्रवेश हेतु काउंसिलिंग हेतु सूचना

बी०एड०(ODL) सत्र 2026-2028 प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि-

निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की मूल प्रति तथा एक स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ दिनांक 28/09/2026 से 02/10 /2026 तक आयोजित प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया में तिथिवार दी गयी सूची के अनुसार प्रातः 10;00 बजे उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर हल्द्वानी में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। काउंसिलिंग के समय संबंधित आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने की दशा में प्रवेश न मिलने पर अभ्यर्थी इसके लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि अभ्यर्थी किसी श्रेणी से आच्छादित है तो वह सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

(उत्तराखंड राज्य के अभ्यर्थी जो किसी श्रेणी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण उत्तराखंड राज्य के नियमानुसार लागू होगा)

अभ्यर्थियों को तिथिवार दी गयी सूचना के अनुसार ही काउंसिलिंग में उपस्थित होना आवश्यक है।

काउंसिलिंग के समय निम्नलिखित प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होना आवश्यक है -

1. दो पासपोर्ट साइज़ फोटो
2. हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर तक के सभी अंकपत्रों एवं उपाधि प्रमाणपत्रों की मूल एवं स्वप्रमाणित छाया प्रति
3. NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (Regular) से शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रम का मूल अंक पत्र एवं उपाधि प्रमाणपत्र तथा स्वप्रमाणित छाया प्रति एवं जिस संस्थान से पाठ्यक्रम पूर्ण किया है संबंधित संस्थान के उक्त पाठ्यक्रम को संचालित किये जाने हेतु NCTE द्वारा निर्गत recognition letter की छाया प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. निर्धारित प्रारूप में विभाग से सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) संलग्न प्रारूप में
5. किसी श्रेणी से संबंधित होने की दशा में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत उपयुक्त मूल प्रमाण पत्र तथा स्वप्रमाणित छाया प्रति (उत्तराखंड राज्य के संदर्भ में)
6. सभी अभ्यर्थियों को रु 500/. काउंसिलिंग शुल्क विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।
7. काउंसिलिंग के पश्चात प्रवेश की पुष्टि होने की दशा में आवेदन पत्र के साथ रु 10500/. (प्रथम सेमेस्टर के शुल्क के रूप में)बेंक चालान के माध्यम अथवा डेबिट कार्ड के माध्यम से विश्वविद्यालय कोष में जमा करना होगा।
8. सभी अभ्यर्थियों को ABC ID एवं DEB ID बनाकर लाना आवश्यक है जिसके बिना प्रवेश फॉर्म भरा जाना संभव नहीं होगा।

काउंसिलिंग के लिये बुलाये जाने यह अर्थ नहीं है कि अभ्यर्थी बी०एड०(ODL) में प्रवेश संबंधी पात्रता को पूर्ण करता है। अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश काउंसिलिंग के समय प्रवेश संबंधी पात्रता के अपेक्षित मूल एवं स्वप्रमाणित छाया प्रतियां तथा काउंसिलिंग शुल्क, कार्यक्रम शुल्क जमा करने के उपरांत ही प्रवेश पूर्ण माना जायेगा।

काउंसिलिंग संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के निम्न से संपर्क कर सकते हैं-

डॉ कल्पना पाटनी लखेड़ा -9412996449 klakhera@uou.ac.in
डॉ विनय सिंह रावत -9411888913 vrawat@uou.ac.in